पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

प्राकृतिक कृषक मंच प्रमुख लोक भारती ने राज्यपाल से की मुलाकात

कृषको के दल ने राज्यपाल जी को प्राकृतिक औद्योगिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी

लखनऊः 4 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में अवधराम गिरि सहित प्राकृतिक खेती कृषक मंच प्रमुख लोक भारती के आठ सदस्यों ने मुलाकात की। इस अवसर पर कृषकों ने राज्यपाल जी को प्राकृतिक औद्योगिक उत्पादों तथा जैविक शहद, चावल, काला गेहूं, आम के प्रजाति टामीकिन्स, सेन्शेसन, अम्बिका, अमरूद–ताईवान पिंक, केला व शाकभाजी–मसाला फलदार प्राकृतिक उत्पादों के बारे में जानकारी दी।

राज्यपाल जी ने उद्यान विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में किये जा रहे सार्थक प्रयासों की सरहाना करते हुए कहा कि उद्यान विभाग के प्रयास से उत्तर प्रदेश में पहली बार कृषि

पर्यटन को अपनाया गया है, जिससे कृषकों की आय में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। उन्होंने अन्य जनपदों में भी इसके विस्तार किये जाने हेतु समुचित प्रयास करने का सुझाव दिया, ताकि मानव जीवन में कीटनाशकों के दुष्प्रभाव को रोकने के साथ–साथ प्राकृतिक उत्पादों से कृषकों की आय दुगुनी की जा सकें। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री श्री बलदेव सिंह औलख एवं अन्य कृषक बंधु भी उपस्थित रहे।

––––––––

चन्द्र विजय वर्मा–सूचना अधिकारी/राजभवन (18/18)

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में प्राकृतिक खेती कृषक मंच के सदस्यों ने मुलाकात कर उन्हें प्राकृतिक उत्पाद के बारे में जानकारी। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री श्री बलदेव सिंह औलख एवं अन्य कृषक बंधु भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में अवधराम गिरि सहित प्राकृतिक खेती कृषक मंच प्रमुख लोक भारती के आठ सदस्यों ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में अवधराम गिरि सहित प्राकृतिक खेती कृषक मंच प्रमुख लोक भारती के आठ सदस्यों ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में अवधराम गिरि सहित प्राकृतिक खेती कृषक मंच प्रमुख लोक भारती के आठ सदस्यों ने मुलाकात की।